# 2. वर्ण–विचार
## (The Alphabet)

निम्न शब्दों का उच्चारण कीजिए और मुख से निकलती ध्वनियों पर ध्यान दीजिए–

चाचा | कद्दू | संयम | हर्ष

बोलते समय हमारे मुख से तरह–तरह की ध्वनियाँ निकलती हैं। जब इन ध्वनियों को लिखा जाता है, तो ये **वर्ण** या **अक्षर** कहलाती हैं। ध्वनि की सबसे छोटी इकाई **वर्ण** है।

> जिस ध्वनि के और अधिक टुकड़े न किए जा सकें, उसे **वर्ण** कहते हैं; जैसे–ब्, न्, द्, आदि।

वर्णों के मेल से ही **शब्द** बनते हैं। शब्द में वर्णों का समूह होता है व उनका कोई निश्चित अर्थ होता है। यदि हमें वर्ण दिए गए हैं–क, म, ल– तो इन तीन वर्णों को सही क्रम से रखने पर **कमल** का चित्र आँखों के आगे आ जाता है।

यदि हम क्रम को तोड़ दें–ल, क, म– तो शब्द का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता।




कमल

वर्णों का सार्थक मेल ही **शब्द** कहलाता है।



मटर



अनार




बाज़ार

मटर–म्+अ+ट्+अ+र्+अ

अनार–अ+न्+आ+र्+अ

बाज़ार–ब्+आ+ज़्+आ+र्+अ

## क्या आप जानते हैं?

**1. इन वर्णों को पुनः संयोजित करिए व शब्द बनाइए–**

क. सा कि न ______ किसान

ख. सा कि इ ल ______ साइकिल

ग. सा र क्ष ता ______ साक्षरता

**2. शब्दों को उचित क्रम में लिखिए और अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए–**

क. पढ़ाई करने विद्यालय मदन जाता है।

मदन पढ़ाई करने विद्यालय जाता है।

ख. प्रतिदिन बेचने शहर में टोपियाँ वह जाता था।

वह प्रतिदिन शहर में टोपियाँ बेचने जाता था।

ग. गरम गाय का दूध पीना है मुझे।

मुझे गाय का गर्म दूध पीना है।



# अभ्यास

**1. इन वर्णों को जोड़कर शब्द लिखिए–**

क. ग + ृ + ह = गृह

ख. क + ु + ट + ि + य + ा = कुटिया

ग. खि + ल + ौ + न + ा = खिलौना

घ. स + ै + न + ि + क = सैनिक

**2. इन वर्णों के साथ मात्राएँ लगाकर शब्द बनाइए–**

क. च ड़ य  चिड़िया

ख. क त ब  किताब

ग. न द  नदी

घ. ज ल ब  जलेबी

ङ. च त्र  चित्र

च. स र ज  सूरज

**3. निम्नलिखित में सही कथन के सामने ( ✓ ) व गलत कथन के सामने ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

क. वर्णों का क्रमबद्ध समूह शब्द कहलाता है। ✗

ख. सार्थक वर्णों के योग से वाक्य बनते हैं। ✗

ग. जिन वर्णों का उच्चारण स्वतंत्र रूप से न हो, वे स्वर कहलाते हैं। ✗

घ. अ स्वर की कोई मात्रा नहीं होती। ✓

ङ. स्वर के ऊपर लगने वाला बिंदु अनुनासिक कहलाता है। ✗

च. र में ( ु ) की मात्रा लगाने से (रु) बनता है। ✓

**4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

क. वर्ण किसे कहते हैं? वर्णों के भेद उदाहरण सहित लिखिए–

उत्तर जिस ध्वनि के और अधिक टुकड़े न किए जा सकें उन्हें वर्ण कहते हैं। वर्णों के दो भेद हैं (1) स्वर → अ, आ (2) व्यंजन → क, ख।

ख. हिंदी वर्णमाला के स्वर व उनकी मात्राएँ लिखिए–

अ – , आ → ा, इ → ि, ई → ी, उ → ु, ऊ → ू, ऋ → ृ, ए → े, ऐ → ै, ओ → ो, औ → ौ।

5. क्ष, त्र, ज्ञ व श्र संयुक्त व्यंजनों से प्रारंभ होने वाले दो-दो शब्द लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्ष | क्षमा | क्षत्रिय | त्र | त्रिशूल | त्रिवेणी |
| ज्ञ | ज्ञान | ज्ञानी | श्र | श्रुति | श्रावस्ती |

6. निम्नलिखित शब्दों में र के विभिन्न रूपों की वर्तनी अशुद्ध है। उसे सही करके उपयुक्त स्थान पर लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क. | रार्ष्ट | राष्ट्र | ख. | कम्र | क्रम |
| ग. | पृण | प्रण | घ. | वषृा | वर्षा |
| ङ. | कण्र | कर्ण | च. | समुर्द | समुद्र |

## बौद्धिक प्रश्न

- दो-दो शब्द सोचिए व लिखिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनुनासिक | (ँ) | चाँद | आँख |
| अनुस्वार | (ं) | शंख | कंधा |
| विसर्ग | ( : ) | दुःख | प्रातः |
| ज़ | | बाज़ार | इंतज़ाम |
| फ़ | | फ़लक | फ़रवर |